II Sem Regular Exam April, 18
Library
32821

FYBA
19/4/18
2 to 5
page 2

Hin I.

Q. P. Code: 32821

(15)

[समय: ३ घंटे] **[अंक: १००]**

Please check whether you have got the right question paper.

प्र.१ निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। २४

१. "संसार में इसीलिए पाप की परिभाषा नहीं हो सकी – और न हो सकती है। हम न पाप करते है और न पुण्य करते हैं, हम केवल वह करते हैं, जो हमें करना पड़ता है।"

अथवा

"तुम समझते हो कि तुमने मुझे दीक्षा दी है, यह तुम्हारा भ्रम है, नहीं, यहाँ पर अपने को ही धोखा दे रहे हो। तुम किसे आज्ञा दे रहे हो ? क्या तुम यह नहीं जानते हो कि जिस पर तुम शासन करना चाहते हो, तुमने अपने को उसका दास बना लिया है ?"

२. "सबके चेहरों पर अनायास ही खुशी की रौनक। मानों सूरज ही जीवन है, सूरज ही एकमात्र जीवनदायिनी शक्ति। वह स्नेहदायी पिता है, दोस्त है और हमेशा स्वागत योग्य मेहमान।"

अथवा

"साधारण उपदेश तो हर गिरजे, हर मंदिर और हर मस्जिद में होते हैं, परन्तु उनका प्रभाव तभी हम पर पड़ता है जब गिरजे का पादड़ी स्वयं ईसा होता है - मंदिर का पुजारी स्वयं ब्रह्मर्षि होता है- मस्जिद का मुल्ला स्वयं पैगंबर रसूल होता है।"

प्र.२ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ३०

१. 'चित्रलेखा' उपन्यास का सारांश लिखिए।

अथवा

'योगी कुमारगिरि' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

२. 'जीप पर सवार इल्लियाँ' में हमारी भ्रष्ट शासन व्यवस्था पर करारा व्यंग्य किया गया है। सोदाहरण समझाइए।

अथवा

'भोर का तारा' एकांकी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

प्र.३ निम्नलिखित में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। १५

१. 'बीजगुप्त' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

२. 'आचरण की सभ्यता' निबंध का उद्देश्य अपने शब्दों में लिखिए।

EB0C22D99B59C9B1CEE0466F01BE0417

प्र.४ टिप्पणियाँ लिखिए | १६

१. 'चित्रलेखा' उपन्यास की यशोधरा

अथवा

'चित्रलेखा' उपन्यास की संवाद – योजना

२. चीनी फेरीवाले का जीवन संघर्ष

अथवा

'अस्थियों के अक्षर' का भिखारीलाल

प्र.५ निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए | १५

१. 'चित्रलेखा' उपन्यास के लेखक कौन है ?
२. चित्रलेखा कौन थी ?
३. विधवा होने के बाद चित्रलेखा के जीवन में किसने प्रवेश किया ?
४. श्वेतांक किसका सेवक है ?
५. कुमारगिरि को दंड देने का अधिकार किसे दिया गया?
६. यशोधरा का विवाह किससे हुआ?
७. अपनी पदवी तथा सारी संपत्ति बीजगुप्त ने किसे दान कर दी ?
८. "मनुष्य अपना स्वामी नहीं है, वह परिस्थितियों का दास है |" यह वाक्य किसने कहा है ?
९. चीनी फेरीवाले का एकमात्र आधार कौन था?
१०. किसान से छोटे अफसर ने क्या माँगा ?
११. 'भोर का तारा' एकांकी के रचनाकार कौन है ?
१२. बंगाल में कोई टीका क्यों नहीं लगवाता?
१३. पुरवा और वरुण किस पाठ के पात्र है ?
१४. राजाओं के दिलों पर भी कौन अपना प्रभुत्व जमा सकता है ?
१५. लेखक के सौतेले भाई का नाम क्या था?

****

EB0C22D99B59C9B1CEE0466F01BE0417